हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 27 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 12 नवंबर से 18 नवंबर 2021

## कोरोना का सामना करने में विश्व का सबसे व्यापक और प्रभावी अभियान पीएम मोदी के नेतृत्व में चलाया गया- राष्ट्रपति



**नई दिल्ली :** दिल्ली में गुरुवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति भवन में राज्यपाल और उपराज्यपाल के 51वें सम्मेलन में भाग लिया. इस दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि आज हम 2 साल के लंबे अंतराल के बाद मिल रहे हैं. हमारे सभी कोविड-19 योद्धाओं ने इस महामारी से लड़ने के लिए समर्पित रूप से काम किया है. आज 108 करोड़ से अधिक कोविड-19 टीकाकरण के साथ देशभर में टीकाकरण अभियान जारी है. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि कोविड महामारी का सामना करने में विश्व का सबसे व्यापक और प्रभावी अभियान भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया गया. हमारे सभी कोरोना योद्धाओं ने असाधारण त्याग और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाह किया. राज्यपाल और उपराज्यपाल का ये सम्मेलन एक परंपरा है, जो 1949 से चली आ रही है.

पहला सम्मेलन 1949 में राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया था. इसकी अध्यक्षता भारत के अंतिम गवर्नर-जनरल सी राजगोपालाचारी ने की थी. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में ये चौथा सम्मेलन है.देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 13,091 नए केस सामने आए हैं. रिकवरी रेट 98.25 प्रतिशत है, जो मार्च 2020 से सबसे ज्यादा है.

## दिल्ली पुलिस की नारकोटिस सेल ने 3 करोड़ की ड्रग्स बरामद की, सरगना समेत तीन गिरफ्तार



**नई दिल्ली:** देश की राजधानी दिल्ली में ड्रग्स का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है. इस धंधे का भंडाफोड़ करने के लिए दिल्ली पुलिस के क्राइम ब्रांच की नारकोटिस सेल भी पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है. जिला स्तर पर नारकोटिस सेल इस गोरखधंधे में संलिप्त लोगों की धरपकड़ कर रही है. साथ ही बड़ी मात्रा में अवैध ड्रग्स को बरामद भी कर रही है. ताजा मामला आउटर नॉर्थ जिला के नारकोटिस सेल का सामने आया है जिसने तीन करोड़ की हेरोइन बरामद की है. आउटर नॉर्थ जिला की नारकोटिस सेल ने ऑपरेशन स्पाइडर के तहत कार्रवाई करते हुए राजधानी में एक किलो उम्दा किस्म की हेरोइन बरामद की है. इस हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में तीन करोड़ आंकी गई है.






# अब देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता ने नवाब मलिक को भेजा कानूनी नोटिस

**मुंबई :** मुंबई क्रूज ड्रग्स केस को लेकर महाराष्ट्र की सियासत में उबाल जारी है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ठ्उढ) के नेता और उद्धव सरकार में मंत्री नवाब मलिक को कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने उनपर उनके परिवार की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए उनके कथित अपमानजनक ट्वीट को लेकर यह नोटिस भेजा है। बता दें कि इससे पहले नवाब मलिक के दामाद समीर खान ने पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ह्यबिना किसी प्रमाण के उनके खिलाफ निराधार आरोपह्ण लगाने के लिए पांच करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है और उनसे लिखित माफी की भी मांग की है.अमृता ने ट्वीट करके कहा, नवाब मलिक ने कुछ तस्वीरों सहित कुछ अपमानजनक, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण ट्वीट्स शेयर की है! आइपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक कार्यवाही सहित मानहानि का नोटिस भेजा गया है। या तो वे बिना शर्त सार्वजनिक माफी के साथ 48 घंटे में ट्वीट हटा दें या कार्रवाई का सामना करें! हाई प्रोफाइल मुंबई क्रूज ड्रग्स केस को लेकर महाराष्ट्र में गहमागहमी का माहौल है। गत दो अक्टूबर को मुंबई से गोवा जा रही कार्डेलिया क्रूज



पर एनसीबी ने ड्रग्स पार्टी का भांडाफोड़ किया था। मामले में बालीवुड अभिनेता शाह रुख खान के बेटे आर्यन खान समेत कई लोग गिरफ्तार हुए थे। अब इस मामले को लेकर नवाब मलिक और देवेंद्र फडणवीस आमने-सामने हैं। दोनों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप लगाने का दौर जारी है।

नवाब मलिक ने पिछले हफ्ते पूर्व सीएम फडणवीस और उनकी पत्नी के साथ कथित ड्रग्स डीलर की तस्वीर ट्वीट की। इसके बाद फडणवीस ने आरोप लगाया कि एनसीपी नेता, उनके परिवार के सदस्यों और 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले के दो दोषियों के बीच जमीन का सौदा हुआ है। मंत्री ने आरोपों का खंडन किया था। वहीं मलिक के दामाद समीर खान ने बगैर किसी प्रमाण के अपने ऊपर निराधार आरोप लगाने का आरोप लगाते हुए फडणवीस को पांच करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। साथ ही उनसे लिखित माफी की भी मांग की है। इसे महाराष्ट्र भाजपा के एक प्रवक्ता ने कहा कि वे कानूनी रूप से नोटिस का जवाब देंगे। नवाब मलिक की बेटी नीलोफर मलिक खान ने गुरुवार को अपने ट्विटर हैंडल पर 10 नवंबर के कानूनी नोटिस का एक स्नैपशाट पोस्ट किया। समीर खान को इस साल जनवरी में एनसीबी ने कथित ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें सबूतों के अभाव में सितंबर में एक अदालत ने जमानत दे दी थी। फडणवीस को भेजे गए कानूनी नोटिस में, समीर खान के वकील ने उल्लेख किया कि उनके मुवक्किल को एनसीबी द्वारा दर्ज एक मामले में फंसाया गया था।

## मुंबई के निजी अस्पतालों के लिए मुसीबत बनी कोरोना वैक्सीन

**मुंबई:** देश में कोरोना टीकाकरण का काम तेजी से जारी है. कोरोना वायरस से बचाव के लिए लोगों को जल्द से जल्द वैक्सीन की दोनों खुराक लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है. ऐसे में खबर मिली है कि निजी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए कोरोना वैक्सीन की खुराकें परेशानी का सबब बन गई हैं. निजी अस्पताल वैक्सीन के थोक खरीदारों को 10-30 फीसदी डिस्काउंट पर वैक्सीन मुहैया करा रहे हैं. दरअसल निजी क्षेत्र ने वैक्सीन डोज का बड़ा स्टॉक खरीदकर रखा हुआ है. इसकी कीमत करोड़ों में है लेकिन लोगों के न आने के चलते अब यह स्टॉक फंस गया है. ऐसे में बड़े नुकसान से बचने के लिए थोक खरीदारों को छूट के साथ ये स्टॉक बेचा जा रहा है. इस बीच, कई अस्पतालों ने निर्माताओं से बिना बिके माल को वापस करने के लिए संपर्क किया है. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई



के अस्पतालों में फिलहाल 85 फीसदी से ज्यादा बिना बिकी खुराकें उपलब्ध हैं. ये उस स्थिति के एकदम उलट है जो मई-जून में थी जहां निजी क्षेत्र को मुश्किल ने वैक्सीन मिल पा रही थी. अक्टूबर के आखिरी हफ्ते तक निजी क्षेत्र के पास 47 लाख वैक्सीन खुराक मौजूद थीं. अक्टूबर में शहर में निजी क्षेत्र के टीकाकरण में गिरावट देखी गई है जहां 3 लाख से भी कम लोगों ने पेड वैक्सीन लगवाई है. बताया जा रहा है कि मलाड के संजीवनी अस्पताल में कोविशील्ड की 44 लाख रुपये की 7,000 खुराक हैं जिन्हें फिलहाल कोई लेने वाला नहीं है. अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील अग्रवाल ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, ह्यमैंने निमार्ता और बीएमसी दोनों से संपर्क किया है, लेकिन कोई भी टीके लेने को तैयार नहीं है.ह्व उन्होंने कहा कि हम इसे 30 प्रतिशत की छूट पर देने को तैयार हैं, यह खुराक के बर्बाद होने से कहीं बेहतर है.

## मुंबई पुलिस की SIT ने शाहरुख खान की मैनेजर पूजा डडलानी को भेजा समन

**मुंबई:** क्रूज ड्रग्स केस में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों की ओर से जबरन वसूली के आरोपों की जांच कर रही मुंबई पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेटिव टीम ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की मैनेजर पूजा डडलानी को समन भेजा है. हालांकि पूजा डडलानी ने तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए मुंबई पुलिस से कुछ दिन का समय मांगा है. बता दें मुंबई पुलिस की स्क्ळ टीम किरन गोसावी वसूली कांड की जांच कर रही है. मुंबई पुलिस की स्क्ळ टीम की ओर से जो समन भेजा गया था उसके मुताबिक पूरा डडलानी को शनिवार को पेश होना था. बता दें कि इससे पहले एक साइबर एक्सपर्ट और हैकर ने दावा किया था कि उनसे पूजा डडलानी समेत कई लोगों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड निकालने और वॉट्सएप चैट को एडिट करने के लिए कुछ लोगों ने संपर्क किया था. हैकर मनीष भंगाले ने बताया कि उन्हें आर्यन



खान की वॉट्सएप चैट दिखाई गई थी. भंगाने ने एक मीडिया चैनल से बातचीत करने हुए दावा किया है कि उसे प्रभाकर सैल के नाम से फर्जी सिमकार्ड लाने के लिए भी कहा गया था. मनीष भंगाले ने दावा किया है कि जलगांव में छह अक्टूबर को आलोक जैन और शैलेश चौधरी नाम के दो लोगों ने उनसे संपर्क किया था. मनीष ने बताया कि उन्होंने कुछ कॉल डिटेल निकालने और वॉट्सएप चैट एडिट करने के लिए पांच लाख रुपए का ऑफर किया गया था. उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में उनसे कुछ कहते उससे पहले ही वह जबरन 10 हजार रुपए देकर वहां से चले गए. मनीष ने बताया कि जब उन्होंने टीवी पर इस पूरे मामले में प्रभाकर सैल का नाम सुना तो उन्होंने इसकी शिकायत मुंबई पुलिस से की. मनीष भंगाले ने इस संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के गृहमंत्री और मुंबई पुलिस कमिश्नर को खत लिख चुके हैं. भंगाले ने दावा किया उससे मिलने आए दोनों शख्स ने मुझे कुछ नंबर दिए और कहा कि हमें इनका सीडीआर चाहिए. इन तमाम नंबरों में एक नंबर पूजा ददलानी नाम से सेव था.

## आर्यन खान ड्रग्स केस

# वसूली के आरोपी के बारे में जानने के लिए मुंबई पुलिस ने NCB से मांगी CCTV फुटेज

**मुंबईः** मुंबई पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी SIT ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के दफ्तर से CCTV फुटेज मांगी है. क्रूज ड्रग मामले में पुलिस एनसीबी से अलग जांच कर रही है. इस मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान आरोपी हैं. पुलिस इस मामले में कथित जबरन वसूली की जांच कर रही है. मुंबई पुलिस के सूत्रों ने बताया कि फुटेज पाने के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो गई है. उन्होंने आर्यन खान को हिरासत में लिए जाने वाली 2 अक्टूबर की रात से आगे की कुछ तारीखों के फुटेज मांगे हैं. सूत्र ने कहा कि फुटेज इसलिए मांगी गई है ताकि एनसीबी कार्यालय के अंदर सैम डिसूजा, केपी गोसावी और मनीष भानुशाली की मूवमेंट के



बारे में पता चल सके. इस बीच मंगलवार को महाराष्ट्र के गृह मंत्री दिलीप वालसे पाटिल के सरकारी आवास पर हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई. मुंबई पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले और लॉ एंड ऑर्डर वी नांगरे पाटिल, एनसीपी प्रमुख शरद पवार के साथ इस बैठक का हिस्सा थे. सूत्रों ने सीएनएन-न्यूज18 को बताया कि अन्य घटनाक्रमों के अलावा, समीर वानखेड़े के खिलाफ आरोपों पर एसआईटी की जांच पर भी चर्चा हुई. अधिकारी ने कहा कि एसआईटी पहले ही एनसीबी के स्वतंत्र गवाह प्रभाकर साइल का बयान दर्ज कर चुकी है. साइल ने दावा किया था कि उसने एनसीबी के गवाह केपी गोसावी को 25 करोड़ रुपये के बारे में चर्चा करते हुए सुना था. गोसावी को बाद में पुणे पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया था.

इससे पहले रविवार शाम क्रूज ड्रग मामले में सुनील पाटिल अपना बयान दर्ज कराने के लिए मुंबई पुलिस के रक्ळ के समक्ष पेश हुए. मुंबई की भाजपा युवा इकाई के पूर्व अध्यक्ष मोहित भारतीय ने सुनील पाटिल पर क्रूज मादक पदार्थ प्रकरण का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया है. अधिकारी ने बताया कि पाटिल एक निजी कैब में आजाद मैदान थाने पहुंचे और बाद में दक्षिण मुंबई स्थित रक्ळ कार्यालय गए. उन्होंने कहा कि पाटिल ने रविवार शाम लगभग छह बजकर 15 मिनट पर रक्ळ कार्यालय में प्रवेश किया जिनका बयान रक्ळ का नेतृत्व कर रहे सहायक पुलिस आयुक्त मिलिंद खेतले पाटिल दर्ज करेंगे.

# एंटीलिया की लोकेशन पूछ रहे थे दो संदिग्ध

## बढ़ाई गई मुकेश अंबानी के घर की सुरक्षा



**मुंबई.** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है. दरअसल सूत्रों का कहना है कि मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक टैक्सी चालक ने फोन कर बताया है कि दो लोग उससे एंटीलिया की लोकेशन पूछ रहे थे. इसके बाद मुंबई पुलिस ने एंटीलिया के पास सुरक्षा बढ़ा दी और नाकाबंदी कर दी है.टैक्सी चालक के मुताबिक एक दाढ़ी वाले व्यक्ति ने किला कोर्ट के सामने उससे एंटीलिया का पता पूछा था. जिन संदिग्धों ने पता पूछा था वो सिल्वर कलर की वैगन फ कार में थे, उनकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी. टैक्सी चालक ने ये भी जानकारी दी है कि दोनों लोग आपस में उर्दू में बात कर रहे थे. उनके पास एक बैग था.पुलिस ने मंगवाई इलाके की CCTV फुटेज, कार के नंबर से जानकारी हासिल करने कोशिश

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने उस इलाके की सीसीटीवी फुटेज मंगवाई है और चारों तरफ नाकाबंदी कर दी है. इस टैक्सीचालक से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों संदिग्धों का स्केच तैयार किया जा रहा है. पुलिस ने कार के नंबर की जानकारी जुटाने के लिए आरटीओ से संपर्क किया पर इस नंबर की जानकारी उनके पास नहीं मिल रही है. टैक्सी ड्राइवर से डीसीपी रैंक के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं. साथ ही पुलिस ने सिक्योरिटी एलर्ट भी जारी कर दिया है.

# मुंबई के एन्टॉप हिल में घर ढहा, मलबे से निकाले गए 9 लोग

**मुंबईः** महाराष्ट्र स्थित मुंबई के एन्टॉप हिल इलाके में एक घर के ढहने की खबर है. अधिकारियों ने बताया कि मलबे से 9 लोगों को निकाला गया है और अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फायर ब्रिगेड की



चार गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गई है. मुंबई फायर ब्रिगेड ने बताया कि एंटाप हिल इलाके में एक घर ढह गया जिसमें नौ लोगों को बचाया गया. सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मौके पर स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियां भी मौजूद हैं. आशंका जताई जा रही है कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं.

# अस्पताल में भर्ती हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, सर्वाइकल और पीठ दर्द से हैं परेशान

**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती हो गए हैं. रिलायंस ग्रुप के हरकिशनदास हॉस्पिटल में वे अगले 3 से 4 दिनों तक रहेंगे. कुछ दिनों से उद्धव ठाकरे के गर्दन के पास दर्द था. इसके बाद उन्होंने सोमवार को टेस्ट करवाया. टेस्ट से पता चला गर्दन के पास के स्पाइन में उन्हें तकलीफ है. इसी के इलाज के लिए वे आज एडमिट हुए. अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक एक



छोटी सी सर्जरी करनी पड़ेगी. इसके बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ठीक हो जाएंगे.डॉ. शेखर भोजराज उनकी सर्जरी करेंगे. उनके स्वास्थ्य की जांच भी इसी एचएन रिलायंस अस्पताल में की गई थी जहां आज वे भर्ती हुए हैं. पिछले सोमवार को हुए चेक अप और टेस्ट की रिपोर्ट देखने के बाद डॉक्टरों ने सर्जरी करने का निर्णय लिया था. मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को यह दर्द पिछले हफ्ते से शुरू हुआ है. पिछले कुछ दिनों से गर्दन और रीढ़ की तकलीफ की वजह से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कई कार्यक्रम भी कैंसिल किए. लोगों से मुलाकातें भी वे कम कर रहे थे. दिवाली के दिन अपने वर्षा बंगले में आने-जाने वालों से भी वे कम ही मिले. यह दर्द बढ़ता ही जा रहा है. इसलिए अब सर्जरी किए जाने का फैसला किया गया है. प्राप्त जानकारियों के मुताबिक उद्धव ठाकरे एक स्पेशलिस्ट की देखरेख में नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं. वे रोज तय समय पर कुछ देर के लिए ट्रेड मिल पर चलते हैं. दिवाली से पहले पत्रकारों से बातचीत में उनके एक करीबी सहयोगी ने इसका जिक्र किया था. इसके बाद सीएम की गर्दन और रीढ़ का दर्द बढ़ता ही गया. इसके सीएम उद्धव ठाकरे ने टेस्ट करवाया और टेस्ट की रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टरों ने सर्जरी का फैसला किया. एक मेडिकल टीम सीएम के स्वास्थ्य पर लगातार नजरें रख रही है. सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सर्वाइकल कॉलर पहने हुए दिखाई दिए थे. इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के हाथों से 11 हजार करोड़ की लागत से पंढरपुर में दो हाइवे के विस्तार की आधारशिला रखी गई थी. इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गर्दन में सर्वाइकल कॉलर लगाकर शामिल हुए थे.



## संपादकीय

संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

# गुमनाम नायकों को पद्म सम्मान

पद्म सम्मान पाने वालों की सूची में वर्ष दर वर्ष ऐसे नामों की संख्या बढ़ते दिखना सुखद है, जो गुमनाम रहकर अपनी-अपनी तरह से समाज सेवा कर रहे हैं। इनमें से कई नाम तो ऐसे हैं, जिन्होंने कभी यह सोचा भी नहीं होगा कि उन्हें यह सम्मान मिलेगा। यदि सरकार ऐसे सच्चे और निस्वार्थ समाजसेवियों को खोज-खोजकर उन्हें पद्म सम्मान से सम्मानित कर रही है तो वह केवल उनके योगदान को ही रेखांकित नहीं कर रही है, बल्कि देश के लोगों को नई दिशा देने का भी काम कर रही है। इसी के साथ वह पद्म सम्मानों का मान बढ़ाने का भी काम कर रही है। इस वर्ष ऐसे नाम इसलिए भी अधिक चर्चा में आए, क्योंकि इस बार दो वर्ष के पद्म सम्मान एक साथ दिए गए। पिछले वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण ये सम्मान देने का कार्यक्रम रद करना पड़ा था। किसी पुरस्कार-सम्मान की महत्ता तभी बढ़ती है, जब सर्वथा योग्य लोग उसके पात्र बनते हैं। बीते कुछ समय से अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वालों के साथ-साथ ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले साधारण तरीके से जीवनयापन करने वालों को भी जिस तरह उनके असाधारण कार्यों के लिए भी पद्म सम्मान प्रदान किए जा रहे हैं, उससे यह धारणा ध्वस्त हो रही है कि ये सम्मान उन्हें ही मिलते हैं, जिनकी सत्ता के गलियारों तक पहुंच हो। मोदी सरकार इसके लिए धन्यवाद की पात्र है कि उसने इस धारणा को तोड़ने का काम किया। कुछ समय पहले तो यह कल्पना करना कठिन था कि राष्ट्रपति भवन में साधारण वस्त्र पहने और यहां तक कि नंगे पैर चलने वाले लोग पद्म सम्मान लेने आएंगे और प्रधानमंत्री समेत देश की अन्य प्रमुख हस्तियां उनके सम्मान में तालियां बजाएंगे। सड़कों पर संतरे बेचने और फिर भी अपने गांव में स्कूल खोलने वाले हरेकाला हजब्बा हों या फिर जड़ी-बूटियों संग पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण की सेवा करने वाली तुलसी गौड़ा अथवा देसी बीजों से जैविक खेती की अलख जगाने वाली राहीबाई सोमा या फिर लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने वाले मुहम्मद शरीफ और ट्रांसजेंडर लोक नर्तक मंजम्मा जोगाठी, इन सबके सम्मानित होने से पद्म सम्मान की आभा बढ़ी है। निश्चित रूप से इससे उन अनगिनत लोगों को प्रेरणा मिलेगी, जो बिना किसी प्रशंसा-पुरस्कार की आस में अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने में लगे हुए हैं। ये वे लोग हैं जो न केवल आम नागरिकों में दायित्व बोध जगाते हैं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने का काम भी करते हैं।

उम्मीद की जाती है कि अब जब सरकार गुमनाम नायकों का सम्मान कर रही है, तब समाज भी उनके योगदान को जानने के साथ-साथ उनसे प्रेरणा लेने के लिए सजग होगा।

# क्या कांग्रेस पार्टी को आंदोलनों से मिलेगी सत्ता की चाबी



अगर प्रयास करने से ही सफलता मिलती है, तो सफलता एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी का कदम चूमने वाली है और राहुल गांधी जल्द ही देश के प्रधानमंत्री बन जाएंगे. पर जरा रुकिए. प्रयत्न अगर सही दिशा में हो तब ही सफलता हाथ लगती है और अगर वह प्रयास गलत दिशा में हो तो सफलता कोसों दूर ही रह जाती है. कांग्रेस पार्टी ने कल घोषणा की कि पार्टी में परिवारवाद के जनक जवाहरलाल नेहरु के जन्मदिन यानि 14 नवम्बर से पार्टी के पखवाड़े पर एक जन जागरण आन्दोलन की शुरूआत करेगी.योजना काफी महत्वाकांक्षी है. पार्टी के नेता टोपी पहन कर जनता के बीच जाएंगे और उन्हें टोपी पहनाने का प्रयास करेंगे. यह आंदोलन महात्मा गांधी के डांडी मार्च के तर्ज पर आयोजित किया जाएगा, पार्टी के नेता पैदल चल कर जनता के बीच जायेंगे और भारत बीजेपी मुक्त और मोदी मुक्त हो जाएगा. इस आंदोलन का लोगो यानि प्रतिक चिन्ह डांडी मार्च के थीम पर होगा. जिसे 12 नवम्बर को जारी किया जाएगा. जो परिवार गांधी और नेहरु के नाम की रोटी आज तक सेंक रही है, वह एक बार फिर से गांधी और नेहरु के नाम को जनता के बीच भुनाएगी.अगर प्रयास करने का ही अंक दिया जाए तो कांग्रेस पार्टी को पूरे दस में से दस अंक मिलेगा और पप्पू पास हो जाएगा. पर समस्या यह है कि इस आंदोलन पर भी नेहरु-गांधी परिवार की वही सोच है जिसके कारण पार्टी विनाश के कगार पर पहुंच चुकी है. इसमें नया सिर्फ इतना है कि दिल्ली में बैठ कर मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए जनता के बीच पहुंचने के बजाय पार्टी के नेता अब जनता के बीच जाएंगे, भाषण देने की बजाय जानता से सीधी बात होगी, नुक्कड़ सभा होंगी. जनता को जागरूक किया जाएगा और उन्हें बताया जाएगा कि उनकी कमर टूटी पड़ी है, क्योंकि मोदी सरकार के शासनकाल में महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी हैसच है कि भारत में इनदिनों महंगाई बेलगाम होती जा रही है. फल, सब्जी, खाने का तेल, गैस, पेट्रोल, डीजल आदि की कीमतें आसमान चूमने लगी हैं, जिससे आम जनता परेशान है. पर सुना है कि कोरोना महामारी के कारण पूरे विश्व में महंगाई बढ़ गयी है. तो क्या, भारत इसका अपवाद नहीं हो सकता था. अगर पेट्रोल उत्पादक देश कच्चे तेल की कीमत बढ़ा रहे हैं तो गलती मोदी की है. अगर चीन ने खाद में इस्तेमाल होने वाले केमिकल की कीमत बढ़ा दी है तो गलती मोदी की ही है. अगर असमय बारिश के कारण टमाटर की फसल खराब हो गयी और अब टमाटर और सेब की कीमत एक जैसी हो गयी है तो भी गलती मोदी सरकार की है. मोदी सजा के हकदार हैं क्योंकि उन्होंने नेहरु-गांधी परिवार को बेरोजगार जो बना दिया है और जिस कुर्सी पर उनका खानदानी हक था उस पर मोदी बैठे हुए हैं.

पर यह कहना भी अनुचित होगा कि भारत का प्रमुख विपक्षी दल सरकार की आलोचना ना करे और चुपचाप बैठा रहे. अगर पिछले लगभग एक साल से चल रहे किसान आंदोलन के बावजूद सरकार अडिग है तो कांग्रेस पार्टी को उससे भी कुछ बड़ा करना होगा, और वह महंगाई के विरोध में जन जागरण आंदोलन है. कांग्रेस पार्टी ने घोषणा की है कि दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाई गयी है जिसका पूर्णकालिक काम ही होगा लगातार एक के बाद एक आंदोलन करना. दिग्विजय सिंह ने कल ही विधिवत घोषणा भी कर दी कि महंगाई पर आन्दोलन के बाद बेरोजगारी के मुद्दे पर देशव्यापी आंदोलन होगा और उसके बाद कृषि के मुद्दे पर.योजना बहुत अच्छी है कि पार्टी अब जनता के बीच जाएगी. पर इससे सफलता मिलेगी इसकी गारंटी नहीं है. कारण, जनता बेवकूफ नहीं है, उसे सब पता है कि मोदी सरकार की खामियां क्या हैं. नेगेटिव सोच के साथ चलना ही कांग्रेस पार्टी की गलती रही है, जिससे मोदी और बीजेपी को बल मिलता रहा है. जरूरत थी कि कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जा कर मोदी सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराने की जगह यह बताती कि इस परिस्थिति में अगर उसका शासन होता तो वह क्या करती.

पार्टी के भविष्य के लिए सरकारी खजाना लुटाने और भारत को पाकिस्तान की तरह कंगाल बनाने के अलावा उनकी और क्या योजना है? सबसे महत्वपूर्ण बात कि कैसे राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में गांधी का राम राज्य स्थापित कर पाएंगे और किस तरह वह अपने परदादा, दादी और पिता से अलग और बेहतर शासक साबित होंगे. यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि निगेटिव सोच के साथ राजनीति करने के कारण हासिये पर पहुंच चुकी पार्टी अब उसी मानसिकता से साथ जन आंदोलन चला कर क्या सफल हो पाएगी?

# क्रांति धरा मेरठ को सीएम योगी ने किया नमन, पैरालंपिक खिलाड़ियों का सम्मान



**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को करीब पौने एक बजे सरदार पटेल कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित हो रहे सम्मान समारोह में पहुंचे। वे गाजियाबाद से सड़क मार्ग से यहां पर पहुंचे हैं।अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि 1857 की क्रांति की धरा को नमन। पैरालंपिक खिलाड़ियों का स्वागत करता हूं। संबोधन से पूर्व सीएम योगी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगवाए। कहा कि कोरोना महामारी के बावजूद मोदी, अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों का अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। सभी को ऐसे खिलाड़ियों का स्वागत करना चाहिए।

सीएम बोले कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हैं, लेकिन सुबह 8.30 बजे अनुराग ठाकुर पहुंच गए और खुद व्यवस्था में जुट गए। कुछ नया करना पड़े तो पैरालंपिक व अन्य खिलाड़ियों के लिए उसे किया जाएगा। मेरठ की जब बात होती है तब खेल उत्पाद के लिए भी जाना जाता है। एक जनपद एक उत्पाद की योजना शुरू हुई है। यह अर्थव्यवस्था को गति देगा। मेरठ का चयन बड़े शोध के बाद खेल में किया गया। मेरठ में जो खेल उत्पाद बनते हैं उनकी गुणवत्ता अलग है। हर सांसद निमंत्रण दे रहे हैं कि सांसद खेल प्रतियोगिता में मंत्री जरूर आएं। प्रधानमंत्री का यह कदम सराहनीय है। हर सांसद निमंत्रण दे रहे हैं कि सांसद खेल प्रतियोगिता में मंत्री जरूर आएं। प्रधानमंत्री का यह कदम सराहनीय है। भारत के पैरालंपिक दल में आठ खिलाड़ी उत्तर प्रदेश से थे। योगी ने डीएम सुहास एल वाई की कोरोना प्रबंधन को लेकर सराहना की। राज्य सरकार ने सुहास को पांच वेतन वृद्धि दी। पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वालों को 2 करोड़, रजत को डेढ़ करोड़ और कांस्य पदक को एक करोड़ और प्रतिभागी 25 लाख की पुरस्कार राशि आज प्रदान की जा रही है। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि सभी प्रशिक्षक को भी 10 लाख रुपये दिए जाएंगे।

# तेजस्वी यादव का नीतीश सरकार पर हमला, कहा– 23 राज्यों की अपेक्षा बिहार में अधिक बेरोजगारी



पटना। महापर्व छठ के मौके पर भी नेता प्रतिपक्ष व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला। आरा के नवादा इलाके में बने कार्टून की तस्वीर लगाकर तेजस्वी यादव ने जदयू-भाजपा की सरकार पर बेरोजगारी बढ़ाने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि 23 राज्यों की अपेक्षा बिहार में बेरोजगारी दर सबसे अधिक है। यहां तक कि देश के औसत में भी बिहार की बेरोजगारी दर ज्यादा है। 16 सालों में नीतीश कुमार युवाओं को रोजगार देने में विफल रहे। नीतीश कुमार और भाजपा सरकार युवाओं का पलायन भी रोक नहीं सकी।

बताते चलें कि आदर्श कला मंदिर की ओर से छठ पूजा समिति ने कई तरह के कार्टून लगाए हैं। इसमें बीटेक पास युवा को पकौड़ा तलते दिखाया गया है। एमबीए कर चुका युवा बूट पॉलिस कर रहा है। बीएड पास युवा सब्जी बेचते नजर आ रहा है और इन सबके बीच छठी मैया सूप लिए खड़ी हैं। यह कार्टून नवादा चौक पर लगाया गया है।

# पटना में CM नीतीश ने की छठ पूजा, गया में व्रतियों ने कोरोना के खात्मा की भी मांगी मन्नत





**पटना।** बिहार में गंगा एवं अन्य नदियों के किनारे तथा तालाबों व अन्य जलाशयों पर आस्था का जन-सैलाब उमड़ता दिखा। गुरुवार को सूर्योदय के साथ शुरू छठ महापर्व का प्रातःकालीन अर्घ्य अब समाप्त हो चुका है। इसके पहले व्रतियों ने बुधवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। छठ पूजा के लिए पटना में मनेर, दानापुर से लेकर बाढ़, फतुहा और मोकामा तक गंगा घाटों पर प्रशासन के साथ ही स्थानीय पूजा समितियों की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए। बिहार के अन्य घाटों पर भी व्रतियों व श्रद्धालुओं की सुविधा के व्यापक प्रबंध किए गए। छठ का प्रातःकालीन अर्घ्य अब समाप्त हो चुका है। इसके बाद व्रतियों व श्रद्धालुओं का घाटों से घरों को जाने का सिलसिला जारी है। इस दौरान सड़कों पर भारी भीड़ दिख रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास पर छठ की पूजा की। वहां उनके स्वजन छठ कर रहे हैं। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने पत्नी के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।

गया में श्रद्धालु छठ माता के गीतों को गाते हुए फल्गु नदी के घाटों पर पहुंचे। इस दौरान शहर के केंदुई छठ घाट पर पहुंचे श्रद्धालु चंदन कुमार सिंह ने बताया कि परिवार की सुख, शांति व स्वास्थ्य की कामना को लेकर छठ पूजा कर रहे हैं। साथ ही भगवान भास्कर और छठी माता से प्रार्थना कर रहे हैं कि कोरोना का देश से जल्द खात्मा हो। छह का प्रातःकालीन अर्घ्य जारी। अररिया, मधेपुरा, पूर्णिया, पटना, गया, मातिहारी, मुजफ्फरपुर से लेकर बेतिया, बक्सर, आरा, कैमूर तक पूरे बिहार में घाटों पर व्रती जल में खड़े होकर भगवान भास्कर की पूजा कर रहे हैं।

# लखनऊ में आमरण अनशन से लौटे विधायक अमेठी में बनाने लगे सड़क

## पुलिस ने लिया हिरासत में



**अमेठी।** गौरीगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने जिन दो सड़कों को लेकर लखनऊ में आमरण अनशन किया था। गुरुवार को खुद के प्रयास व श्रमदान से उनका निर्माण शुरू करा दिया। विधायक खुद सड़क निर्माण में लगे रहे। दोनों सड़कें 24 से 48 घंटे के भीतर चलने योग्य बनाए जाने का दावा विधायक की ओर से किया गया है। मुसाफिरखाना एसडीएम व सीओ के साथ पहुंची पुलिस विधायक राकेश प्रताप सिंह को अपने साथ कादूनाला पुलिस चौकी पर लाई है। जिले की दो सड़कों को लेकर गौरीगंज से सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह पिछले काफी दिनों से संघर्षरत हैं गत 31 अक्तूबर को विधायक अपने पद से त्याग पत्र देने के बाद हजरतगंज में गांधी प्रतिमा के सामने धरने पर बैठ गए थे। दीपावली से उन्होंने धरने को आमरण अनशन में तब्दील कर दिया था। जिसके बाद मंगलवार को उन्होंने अनशन तोड़ा था। बुधवार की शाम से ही विधायक से जुड़े लोग मजदूरों को एकत्र करने लगे थे। जो गुरुवार सुबह अलग-अलग रास्तों से दोनों सड़कों पर निर्माण के लिए पहुंच गए। दोनों ही सड़कों पर रात में ही ईट व गिट्टी गिर चुकी है। वहीं पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विधायक को 151 में हिरासत में लिया गया है। दोनो सड़कों के पुनर्निमाण के लिए भेजा गया 2468.85 लाख का आगणन : जिन दो मार्गों को लेकर बवाल चल रहा है।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

तो भी जिसको वह प्रेम करती है, वही उस बच्चे में झलक आएगा। तो छवि शरीर से निर्मित नहीं होती, छवि मन से निर्मित होती है।

दो व्यक्ति जब एक दूसरे को प्रेम करते हैं, तो धीरे-धीरे एक जैसे होते जाते हैं। उनके ढंग, उनकी आदतें, उनका व्यवहार। आखिरी क्षणों में जीवन के तुम उन्हें पाओगे, कि वे एक ही हो गए। उनकी दुई खो गई। वस्तुओं को जो व्यक्ति प्रेम करता है, वह वस्तुओं जैसा हो जाता है। इसलिए कृपण से ज्यादा कुरूप आदमी संसार में दूसरा नहीं। क्योंकि विराट आत्मा थी और क्षुद्र के प्रेम में छोटी हो गई। इसलिए कृपण को तुम हमेशा छोटा पाओगे। हमेशा ओछा पाओगे। वह मनुष्यता की कसौटी पर भी पूरा नहीं उतरता। परमात्मा की कसौटी की तो बात ही अलग है। तुम पाओगे, कि वह पूरा मनुष्य भी नहीं है। उसकी मनुष्यता में भी कुछ कमी मालूम पड़ती है। वस्तुएं ज्यादा हैं उसके ऊपर; चेतना कम है। होश कम है, बोझ ज्यादा है। कृपण आदमी के चेहरे पर तुम्हें धन में जो छिपी हिंसा है, वह दिखाई पड़ती। **जारी....**

# आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये हेल्दी फूड्स

आंखों की देखभाल के लिए अच्छी डाइट का होना बहुत जरूरी है. बहुत से ऐसे फूड्स हैं जो आपकी आंखों को बेहतर रोशनी प्रदान करने में मदद करते हैं. ऐसे में आप कौन से फूड्स डाइट में शामिल कर सकते हैं आंखों के लिए बहुत फायदेमंद हैं ये फूड्स पूरे दिन कंप्यूटर स्क्रीन और फोन देखने के कारण कई लोगों अपनी आंखो की रोशनी से जूझना पड़ता है. उम्र और जीवनशैली में बदलाव के साथ हममें से कई लोगों को कम उम्र में ही आंखों की रोशनी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है.

आंखों की देखभाल के लिए अच्छी डाइट का होना बहुत जरूरी है. ये फूड्स आपकी आंखों को बेहतर रोशनी प्रदान करने में मदद करते हैं. ऐसे में आप कौन से फूड्स डाइट में शामिल कर सकते हैं आइए जानें. पालक का साग आपकी आंखों की रोशनी के लिए सबसे अच्छे से काम करता है. पालक विटामिन और मिरनल से भरपूर होता है. ये एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. ये आपको मैकुलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद से बचाता है और आपके कॉर्निया को स्वस्थ रखता है.

सूखे मेवे सूखे मेवे न केवल स्वाद में अच्छे होते हैं. बल्कि ये आपको बेहतर रोशनी प्रदान करने में भी मदद करते हैं.



मेवे विटामिन ई और हेल्दी फैट से भरपूर होते हैं.संतरे बीटा-क्रिप्टोक्सैन्थिन नामक कैरोटीनॉयड का एक बड़ा स्रोत हैं. इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं. ये आंखों की रोशनी को बढ़ावा देते हैं. संतरा विटामिन ए का एक अच्छा स्रोत है जो आपके रेटिना के लिए फायदेमंद होता है. शकरकंद आंखों की रोशनी को बढ़ाने के लिए जाना जाता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने और सूजन को कम करने में मदद करते हैं.सूरजमुखी के बीज सामान्य रूप से न सिर्फ आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं बल्कि ये आपकी आंखों के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं. ये पोषक तत्वों प्रोटीन और हेल्दी फैट से भरपूर होते हैं. ये मेटाबॉलिज्म अपशिष्ट को हटाने में मदद करते हैं और आपकी आंखों को बेहतर दृष्टि प्रदान करते हैं. लाल शिमला मिर्च ए, सी और ई जैसे विटामिनों का अच्छा स्रोत है. ये आपकी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद है. ये एक स्वस्थ रेटिना को बनाए रखने में मदद करता है क्योंकि ये आंखों को किसी भी ऑक्सीडेटिव क्षति को रोकते हैं. गाजर का जूस आंखों के लिए बहुत ही लाभदायक है. इसमें बीटा कैरोटीन होता है. ये आंखों को स्वस्थ रखने में मदद करता है.

# सारा अली खान को फैन ने खाने के लिए दिया समोसा पाव

सारा अली खान बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। सारा की फैन फॉलोइंग जबरदस्त है। सारा के बारे में कहा जाता है कि सारा अक्कर अपने फैंस से बहुत प्यार से मिलती हैं। एक्ट्रेस इतनी सहज हैं कि उनकी अदाएं चाहने वालों का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में सारा ने कुछ ऐसा किया कि हर तरफ उनकी तारीफ होने लगी।सारा को बुधवार को शहर में विक्की कौशल के साथ स्पॉट किया गया। विक्की के साथ एक्ट्रेस ने शटरबग्स के लिए पोज दिए। सारा ने अपने हस्ताक्षर नमस्ते के साथ पपराजी का अभिवादन किया और बाद में कार की ओर बढ़ गईं। तभी एक फैन सारा की कार की तरफ बढ़ा और उसने अपनी फेवरेट एक्ट्रेस की तरफ समोसा पाओ बढ़ाया। अखबार में लिपटे हुए समोसा पाओ को देख सारा ने कहा चलो दे ही दो। और इसके साथ फैंस को थैंक्यू कहा।

विरल भयानी के ने अपने सोशल मीडिया पेज पर ये वीडियो शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस की तारीफ होने लगी। वीडियो पर प्रतिक्रिया



देते हुए, एक प्रशंसक ने लिखा, सारा सबसे विनम्र बॉलीवुड स्टार किड्स में से एक है। वह हमेशा अपने प्रशंसकों को इतने प्यार से बधाई देती है। भले ही उसने अभी तक एक बड़ी बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर नहीं की है, लेकिन उसने निश्चित रूप से कई दिल जीते हैं। इन इशारों से।

अमृता ने एक अच्छे बच्चे की परवरिश की। एक अन्य ने कमेंट सेक्शन में लिखा, ह्यसारा अली खान हमेशा डाउन टू अर्थ और उसके बाद हार्ट इमोजी शेयर किया। एक यूजर ने कमेंट किया, खाने के प्रति उनका प्यार हमेशा नजर आता है... यह लड़की कितनी प्यारी है. एक अन्य ने लिखा, ह्यवह बहुत विनम्र हैं।

# भारतीय टीम की चयन नीति में ही है खामी

## न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया के सेलेक्शन पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर का बयान




**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2021 में ग्रुप स्टेज से ही भारतीय टीम बाहर हो गई और इसके बाद टीम इंडिया में कई बदलाव एक साथ नजर आए। अब भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नए कप्तान विराट कोहली की जगह रोहित शर्मा हैं तो वहीं टीम के नए हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं जिन्होंने रवि शास्त्री की जगह ली है साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ इस वर्ल्ड कप के बाद भारत को तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है जिसमें कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम देकर कई युवाओं को मौका दिया गया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज रोहित शर्मा की पहली परीक्षा होगी और उन्हें जो टीम मिली है उसमें कुछ नए युवा चेहरे भी हैं। इस टीम में वेंकटेश अय्यर, रितुराज गायकवाड़, हर्षल पटेल, मो. सिराज व आवेश खान को शामिल किया गया है जो किवी टीम के खिलाफ अपना जोर दिखाते नजर आने वाले हैं। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ जिस तरह की टीम चुनी गई है उससे टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज आकाश चोपड़ा निराश नजर आ रहे हैं। इसके बारे में बात करते हुए अपने यूट्यूब चैनल पर उन्होंने कहा कि यह हमारे सिस्टम में एक मौलिक दोष है। मैं इसे उजागर करने जा रहा हूं, क्योंकि अब, आप भविष्य के बारे में सोच रहे हैं। टी20 में आप जिन खिलाड़ियों का चयन करते हैं, आपको उन्हें उस स्लाट के लिए चुनना चाहिए जो उपलब्ध हैं, और जहां चयनित खिलाड़ियों ने रन बनाए हैं।उन्होंने आगे कहा कि आप आइपीएल के प्रदर्शन को तरजीह देते हैं जो कि अच्छा है, लेकिन अगर आप किसी ऐसे खिलाड़ी को चुनते हैं, जिसने ओपनर के तौर पर रन बनाए हैं और अगर उसे अंतरराष्ट्रीय टीम में नंबर 5 का बल्लेबाजी करना हो तो वह काम नहीं करेगा। उन्होंने एक सलामी बल्लेबाज के रूप में सभी रन बनाए हैं, आप उनसे निचले क्रम में इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में हमारे पास 5 सलामी बल्लेबाज हैं। हमारे पास केवल 3 मैच हैं और आप कितने खिलाड़ियों को अवसर दे सकते हैं। रोहित और राहुल स्पष्ट रूप से खेलने जा रहे हैं, वे कप्तान और उप-कप्तान हैं। रोहित और राहुल के साथ, रुतुराज गायकवाड़, वेंकटेश अय्यर और ईशान किशन ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें स्वाभाविक सलामी बल्लेबाज के रूप में देखा जाता है। अब यह देखना बाकी है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ इन बल्लेबाजों का इस्तेमाल किस तरीके से किया जाता है।

## सेमीफाइनल में इस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकती है पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया की टीम



**नई दिल्ली।** दूसरा सेमीफाइनल मैच पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच दुबई के मैदान पर खेला जाना है। इस मुकाबले को जो टीम जीतेगी, उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ इसी मैदान पर फाइनल मुकाबला खेलने का मौका मिलेगा, जबकि जो टीम हार जाएगी, उसका सफर टी20 विश्व कप से समाप्त हो जाएगा। इसके अलावा पाकिस्तान के पास टी20 विश्व कप के फाइनल में जाने का मौका होगा और टीम दूसरे खिताब की ओर देख रही होगी। वहीं, आस्ट्रेलिया इस मैच को जीतकर अपने पहले खिताब की दावेदारी पेश करना चाहेगी। ऐसे में पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया की टीम किस प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान पर उतर सकती है, इस बारे में जान लीजिए। बात अगर इस टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम पाकिस्तान की करें तो टीम को कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं, क्योंकि टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और आलराउंडर शोएब मलिक को बुखार है। ऐसे में शायद इन खिलाड़ियों को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा जा सकता है। हालांकि, इसके चांस कम लग रहे हैं। अगर इनको बाहर किया जाता है तो फिर पूर्व कप्तान सरफराज अहमद और हैदर अली को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है।

## इंग्लैंड के विश्व कप से बाहर होने पर पूर्व भारतीय ओपनर ने बनाया मजाक




**नई दिल्ली:** आइसीसी टी20 विश्व कप में शानदार शुरूआत करने वाली इंग्लैंड की विदाई निराशाजनक हुई। लगातार शानदार खेल दिखाते हुए ग्रुप 1 में टाप कर सेमीफाइनल में पहुंची इंग्लिश टीम को न्यूजीलैंड ने रोमांचक मुकाबले में हराया। बुधवार को खेले गए टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने 4 विकेट पर 166 रन बनाया था। जवाब में एक ओवर रहते ही 5 विकेट पर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया।

# तूफानी बल्लेबाजी से पलटा मैच, टीम पहुंची फाइनल में

**नई दिल्ली:** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप में इतिहास रचते हुए पहली बार फाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 166 रन का स्कोर खड़ा किया था। जबाव में 5 विकेट के नुकसान पर 19वें ओवर जीत का लक्ष्य हासिल कर टीम ने फाइनल में जगह बनाई। इस मैच में टीम के एक खिलाड़ी ने हारी बाजी को जीत में बदलने में अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टास जीता और फिल्डिंग करने का फैसला लिया। मोइन अली के नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने 166 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरूआत



**मैच के बाद अकेले मैदान के पास बैठा रहा ये खिलाड़ी**

बेहद खराब रही थी। गुप्टिल और कप्तान विलियमसन का विकेट टीम ने जल्दी गंवाया। 16 ओवर तक टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 110 रन ही बनाए थे। 24 गेंद पर टीम के 57 रन की जरूरत थी।17वें ओवर में कुल 23 रन बने जिसमें से दो वाइड थे जबकि दो लेग बाई के रुप में न्यूजीलैंड को मिले। नीशम ने पहली और चौथी गेंद पर छक्का लगाया जबकि तीसरी गेंद को चौके के लिए भेजा। इसके बाद अगले ओवर की दूसरी गेंद पर भी उन्होंने छक्का लगाया। 11 गेंद पर 27 रन की पारी खेलकर इस आलराउंडर ने मैच का रुख इंग्लैंड के न्यूजीलैंड की तरफ मोड़ दिया। न्यूजीलैंड की टीम ने पहली बार टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। इस ऐतिहासिक पल को टीम ने नीशम की तूफानी मैच का रुख मोड़ने वाली पारी के दम पर हासिल किया।

# मानहानि केस में अदालत ने समीर वानखेड़े के पिता से कहा- आपका बेटा सरकारी अधिकारी है

## जनता उनकी समीक्षा कर सकती है

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक के खिलाफ NCB अधिकारी समीर वानखेड़े के पिता ध्यानदेव वानखेड़े ने मानहानि का केस दर्ज कराया है. हालांकि बुधवार को इस पर सुनवाई के दौरान अदालत ने समीर और उनके पिता को ही नसीहत दे डाली है. मुकदमे की सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि समीर वानखेड़े सरकारी अधिकारी हैं और कोई भी उनके कामकाज की समीक्षा कर सकता है. हालांकि नवाब मलिक के वकील इस मामले में 12 नवंबर को अगली सुनवाई के लिए हलफनामा दाखिल करेंगे.



बता दें कि समीर वानखेड़े पर नवाब मलिक ने मुंबई क्रूज ड्रग केस में भ्रष्टचार और गलत जाति प्रमाण पत्र से नौकरी पाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं. समीर के पिता ध्यानदेव वानखेड़े बीते दिनों मलिक से 1.25 करोड़ रुपये की मानहानि मुआवजा राशि वसूलने और वानखेड़े परिवार के खिलाफ भविष्य में कोई भी फर्जी या गलत टिप्पणी करने से रोकने के लिए कोर्ट की शरण में गए थे. मानहानि मामले की सुनवाई के दौरान ध्यानदेव वानखेड़े के वकील अरशद शेख ने सवाल किया कि समीर को ऐसे व्यक्ति को स्पष्टीकरण क्यों देना चाहिए जो सिर्फ एक विधायक है कोई अदालत नहीं. इस पर न्यायमूर्ति माधव जामदार ने ने कहा, आप सरकारी अधिकारी हैं. आपको सिर्फ इतना साबित करना है कि ट्वीट (मलिक द्वारा किए गए ट्वीट) पहली नजर में गलत हैं. आपके पुत्र सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वह एक सरकारी अधिकारी हैं और जनता का कोई भी सदस्य उनकी समीक्षा कर सकता है.

दूसरी ओर अदालत ने मलिक के वकील अतुल दामले से सवाल किया, क्या जमा करने से पहले दस्तावेजों का सत्यापन करना आपकी जिम्मेदारी नहीं है? क्या आपने एक जिम्मेदारी नागरिक और राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी के प्रवक्ता होने के नाते दस्तावेजों का सत्यापन किया? मलिक के आरोप झूठ हैं यह साबित करने के लिए अतिरिक्त हलफनामा दायर करने के लिए वानखेड़े के वकील में और समय मांगा.

अदालत ने उन्हें शुक्रवार तक का समय दिया और एनसीपी नेता के वकील से इस संबंध में हलफनामा दायर करने को कहा कि उन्होंने ट्विटर पर पोस्ट करने से पहले (समीर वानखेड़े के निजी विवरण वाले) दस्तावेजों का सत्यापन किया था.




# मुंबई पुलिस ने कोर्ट में कहा- ईडी के हाथों में कठपुतली हैं सचिन वाझे



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को स्थानीय अदालत से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय पुलिस जांच को नुकसान पहुंचा रहा है और सचिन वाझे केंद्रीय एजेंसी के हाथों की बस एक कठपुतली है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख से जुड़े पीएमएलए मामले में बयान दर्ज करने के लिए बर्खास्त किए गए पुलिस अधिकारी सचिन वाझे की हिरासत मांगी है।

एऊ और अपराध शाखा की दलीलें सुनने के बाद, अदालत ने ED की अर्जी खारिज कर दी। मुंबई के उपनगरीय इलाके गोरेगांव में दर्ज जबरन वसूली के मामले के संबंध में वाजे को 13 नवंबर तक अपराध शाखा की हिरासत में भेजा गया था। एऊ मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा राज्य के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ लगाए गए आरोपों से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहा है। इस मामले में वाझे भी आरोपी हैं। एऊ ने हाल ही में देशमुख को गिरफ्तार किया था और वह 13 नवंबर तक एजेंसी की हिरासत में हैं। एऊ ने अपनी अर्जी में कहा कि उन्होंने देशमुख का बयान दर्ज कर लिया है और अब उनका वाझे से आमना-सामना कराने की जरूरत है। एऊ ने अदालत से कहा कि जितनी जल्दी संभव हो धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत वाझे का बयान दर्ज करना और जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों से उनका आमना-सामना कराना आवश्यक है। हालांकि, अपराध शाखा की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक शेखर जगताप ने दलील दी कि कोई भी जांच एजेंसी द्वारा की जा रही जांच में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। बता दें कि सचिन वाझे ने मुंबई हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर तलोजा जेल से निकाल कर नजरबंद करने के अस्थायी स्थानांतरण की मांग की थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने वाझे को नजरबंद करके रखने का विरोध किया। एनआईए ने अदालत में आशंका व्यक्त की थी कि अगर वाझे को नजरबंद किया गया तो वे भाग सकते हैं और मामले में गवाहों के संबंध छेड़छाड़ कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व), मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प), मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net